C M Y K

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 78 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शनिवार 27 जुलाई, 2024


'स्वयं की उन्नति में अधिक समय देंगे तो दूसरों की निन्दा करने का समय ही नहीं मिलेगा।'




पेज 7 | स्पोर्ट्स

सफाई कर्मचारियों ने निकाली रैली | 3


## एक नजर

### ब्लड डोनेशन कैंप में गिफ्ट देने पर लगी रोक

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में अब ब्लड डोनेशन (रक्तदान) कैंप में हेलमेट, कंबल और किसी भी तरह के गिफ्ट नहीं बांट सकेंगे। फूड सेफ्टी और ड्रग कंट्रोल विभाग ने आदेश जारी कर प्रलोभन देने के तरीकों पर रोक लगा दी है। ऐसा करने पर ब्लड सेंटर्स के लाइसेंस भी निरस्त करने की चेतावनी दी गई है। फूड सेफ्टी और ड्रग कंट्रोल विभाग ने आदेश में कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप में ब्लड सेंटर और आयोजनकर्ता लोगों की संख्या बढ़ाने के लिए गिफ्ट देते हैं। इनमें हेलमेट, कंबल, कैंपर, थर्मस, ट्रैक सूट, बैग, घड़ी और



अन्य सामान दिया जाता है। इसका प्रचार भी अलग-अलग माध्यम से किया जाता है, जो नियम के खिलाफ है। आदेश में बताया गया कि नियम (122ईए (जी)) के अनुसार डोनर वह होता है, जो मेडिकल फिट होने पर खुद अपनी इच्छा से ब्लड डोनेशन करता है। जो सभी मापदंडों को पूरा करता हो। रक्तदान के बदले किसी तरह का गिफ्ट और नकद रुपए नहीं लिए गए हो। सभी ब्लड सेंटर को ये आदेश दिया गया है कि कहीं भी प्रचार-प्रसार कर ब्लड डोनेशन के बदले प्रलोभन दिया जा रहा है तो ब्लड एकत्र न करें। इसके बावजूद ऐसा हुआ तो नियम के अनुसार संबंधित ब्लड सेंटर पर कार्रवाई की जाएगी। इसके तरह लाइसेंस निरस्त भी किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल से मिले यूपी बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** उत्तर प्रदेश बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। दोनों के बीच पार्टी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद उन्होंने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से भारत को विजय दिलाई। उन्होंने शहीदों के परिवारों के प्रति भी अपनी संवेदना प्रकट की।

### युवा आज बनेंगे स्पीकर, मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष नेता

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान विधान सभा में शनिवार को युवा संसद होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर प्रदेश के युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। भावी पीढ़ी को देश की राजनीति से परिचय कराने की स्पीकर देवनानी की सोच है। इसके तहत विधानसभा में युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। विधान सभा में शनिवार को होने वाले एक दिवसीय कार्यक्रम में विधायक के रूप में युवा सदन में बैठकर जनहित के प्रश्न पूछेंगे। युवा ही स्पीकर, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष व मंत्री की भूमिका

» शेष पृष्ठ 6 पर

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2024 पंजीकरण तिथि संशोधन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2024 के अंतर्गत योजना पंजीकरण की अंतिम तिथि पिछले संस्करण में 5 अगस्त,-2024 प्रकाशित हो गई थी, जिसको 31 जुलाई 2024 पढ़ा जाए।

### मुख्यमंत्री शर्मा व पूर्व अध्यक्ष जोशी ने दी नए प्रदेशाध्यक्ष को बधाई

# उपचुनाव में भाजपा को जीत दिलाना मदन राठौड़ के लिए बड़ी चुनौती

## प्रदेश की पांच सीटों पर होने हैं विधानसभा उपचुनाव पार्टी में परफॉर्मेंस ही शीर्ष तक पहुंचने की चाबी

कुलदीप जादौन

**जयपुर।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश भाजपा में बड़ा फेरबदल करते हुए मदन राठौड़ को नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। गुरुवार को दिन में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के इस्तीफे की पेशकश के बाद पार्टी के भीतर नए प्रदेशाध्यक्ष के दावेदार को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी, लेकिन पार्टी ने देर रात तक सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए मदन राठौड़ को प्रदेश भाजपा की कमान सौंप दी।

भाजपा आलाकमान ने लोकसभा चुनाव के निराशाजनक नतीजों के बाद चुप्पी को तोड़ते हुए संदेश दे दिया कि परफॉर्मेंस ही शीर्ष तक पहुंचने की चाबी होगी। हालांकि नवनिवार्चित प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की राह आसान नहीं होगी। प्रदेश में पांच सीटों पर विधानसभा उचचुनाव होने वाले हैं। ऐसे में उपचुनावों में पार्टी को जीत दिलाना उनके लिए चुनौती से कम नहीं है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेशाध्यक्ष के साथ-साथ भाजपा प्रभारी और सह प्रभारी की भी नियुक्ति की। डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को राजस्थान का प्रभारी व विजया रहाटकर को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इधर शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद मदन राठौड़ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से मिलने पहुंचे। इस मौके पर सीपी जोशी ने मदन राठौड़ को बधाई दी। वहीं सीएम भजनलाल शर्मा ने भी उन्हें बधाई दी।



### पहले से तय था राठौड़ का नाम!

उपचुनाव को लेकर बीजेपी किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहती। पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में लचर प्रदर्शन के बाद पार्टी का पूरा फोकस उपचुनाव पर है। प्रदेश नेतृत्व में बदलाव को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है, क्योंकि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के इस्तीफे की पेशकश के महज कुछ » शेष पृष्ठ 6 पर

### केंद्रीय नेतृत्व ने ओबीसी वर्ग को साधा

राजस्थान में बीजेपी ने ओबीसी का कार्ड खेला है। यहां पर घांची समाज से आने वाले राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ को बीजेपी का प्रदेशाध्यक्ष बनाया है, जिन्होंने राजस्थान में 1970 के दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। सन् 1980 के दशक के मध्य में वो बीजेपी में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें पांच महीने पहले राज्यसभा सांसद बनाया है। इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने मदन राठौड़ का टिकट काट दिया था, इसके बाद मदन राठौड़ ने निर्दलीय ताल ठोंकते हुए नामांकन भरने का ऐलान कर दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें फोन करते हुए कहा कि आप अपना नामांकन वापस ले लो, धैर्य रखो। इसके बाद राठौड़ ने नामांकन वापस ले लिया था।

# भजनलाल सरकार ने 23.79 करोड़ सालाना किराए पर लिया हेलिकॉप्टर

## गहलोत सरकार ने चार साल में खर्चे 76 करोड़, विधानसभा में दिए जवाब में हुआ खुलासा



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों की वीआईपी उड़ानों के लिए करीब 2 करोड़ रुपए महीने के किराए पर हेलिकॉप्टर लिया है। इसके लिए एक प्राइवेट कंपनी के एग्रीमेंट किया गया है। नागरिक उड्यन विभाग ने विधानसभा में दिए जवाब में इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही बताया कि गहलोत सरकार ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन के किराए पर हर महीने औसतन 1.59 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। कांग्रेस विधायक शिखा मील बराला के सवाल के विधानसभा में सरकार की तरफ से दिए गए लिखित जवाब में यह खुलासा हुआ है। नागरिक उड्यन विभाग ने विधानसभा में दिए जवाब में लिखा है कि राज्य सरकार के पास वर्तमान में कोई हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर नहीं है। राज्य सरकार ने 5 जून 2024 को नई दिल्ली की मैसर्स रेडबर्ड एयरवेज प्रा.लि. से हेलीकाप्टर लीज पर लेने का एग्रीमेंट किया है। इस पर हर साल 23.79 करोड़ रुपए खर्च होना अनुमानित है।

### गहलोत राज के आखिरी 2 साल में हेलीकॉप्टर, हवाई जहाज पर जमकर खर्च

पिछले चार साल में 2020-21 से 2023-24 तक सरकार ने हेलीकॉप्टर और चार्टड प्लेन के किराए पर 76.46 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इस तरह चार साल में हर महीने औसतन 1.59 करोड़ रुपए चुकाए गए। इसमें साल 2020-21 में हर महीने 66.91 लाख रुपए, साल 2021- 22 में 59.91 लाख, 2022-23 में » शेष पृष्ठ 6 पर

# अग्निवीर योजना पर विपक्ष झूठ फैला रहा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कारगिल में 1999 की जंग के नायकों को दी श्रद्धांजलि

**द्रास, कारगिल (एजेंसी)।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने करीब 20 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान, आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अग्निपथ योजना और विपक्ष पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कई साहसी फैसले लिए। इसमें अग्निवीर योजना भी शामिल है। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है, लेकिन हमने इस पर काम किया। कुछ लोगों ने इसे राजनीति का विषय बना दिया। प्रधानमंत्री ने



कहा कि भारत कारगिल युद्ध से पहले शांति के प्रयास कर रहा था। बदले में पाकिस्तान ने अपना अविश्वासी चेहरा दिखाया, लेकिन सच के सामने असत्य और आतंक की हार हुई।

पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी प्रयास किए, उसे मुंह की खानी पड़ी, लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वो आतंकवाद के सहारे प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, लेकिन आज जब मैं उस जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई पड़ रही है। मैं आतंकवाद के इन सरपरस्तों को कहना चाहता हूं उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कारगिल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद लद्दाख में शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट के लिए » शेष पृष्ठ 6 पर

# बिजली विभाग ने जयपुर सीएमएचओ ऑफिस का कनेक्शन काटा

## 3.81 लाख का बिजली बिल जमा नहीं होने पर हुआ एक्शन, कामकाज ठप

*मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। जयपुर के सेठी कॉलोनी स्थित सीएमएचओ ऑफिस का शुक्रवार को बिजली विभाग ने बिजली कनेक्शन काट दिया। सीएमएचओ ऑफिस का बकाया 3.81 लाख रुपए का बिल जमा नहीं होने पर आज सुबह बिजली विभाग की टीम पहुंची। फिर कनेक्शन काट दिया। इस कनेक्शन के काटने के बाद यहां तमाम काम-काज ठप हो गए। जयपुर सीएमएचओ डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि करीब 2 महीने का बिल बकाया था, जो बजट के अभाव में जमा नहीं हो सका। बजट का मामला सीएमएचओ द्वितीय देखते है। वहीं, जॉइंट डायरेक्टर जयपुर डॉ. नरोत्तम शर्मा ने बताया कि हमने बजट का हवाला देते हुए बिजली कंपनी के संबंधित एईएन को पत्र लिखकर 15 दिन का समय मांगा था, लेकिन आज उनकी टीम आई और कनेक्शन काटकर चली गई।* » शेष पृष्ठ 6 पर

### निःशुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देशभर में अव्वल

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान ने निःशुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना ने देशभर में संचालित ऐसी निःशुल्क दवा योजनाओं में अनुमोदित दवाओं की संख्या, उपलब्ध दर संविदा, विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य मानकों में समग्र रूप से अधिकतम अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि निःशुल्क दवा योजना के संचालन को लेकर भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार » शेष पृष्ठ 6 पर


तेरहवीं पुण्यतिथि



अगस्त, 1927 — 27 जुलाई, 2011

हमारे आदर्श

स्व. श्री पं. रामसहाय भारद्वाज

आप विस्मृत नहीं विश्वास है, सम्मुख नहीं पर पास है। जीवन के हर तपस में, आप ही तो प्रकाश है।।
आपके विचार हमारे आदर्श है, आपकी स्मृति हमारी पूंजी है

की तेरहवीं पुण्यतिथि पर हम सभी परिजन श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन करते हैं।

:- श्रद्धावनत :-

मोहन शर्मा, प्रवेश (गोपाल) (पुत्र)
हरीश (भतीजा), वैद्य सुरेन्द्र शर्मा (दामाद), अनिलेश शर्मा, पीयूष गुप्ता (पौत्र दामाद),
सौरभ, अजितेय, अरुज मोहन, नीतेश, अंकित (पौत्र), तरुण, वरुण (दोहिते)।
मो. 9828153838, 9314135949

मॉर्निंग न्यूज ईवनिंग प्लस
ए-9, सुदर्शनपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर


### राजस्थान में जल्द आएगी नई खेल नीति | पूर्व खिलाड़ियों को मिलेगी 20 हजार रुपए तक पेंशन

# खिलाड़ियों का होगा 10 लाख का इंश्योरेंस

## ड्राफ्ट तैयार, गांव-ढाणी, कस्बों एवं शहरों में शुरू होंगे टैलेंट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान में 11 साल के लंबे इंतजार के बाद नई खेल नीति लाने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर खेल विभाग के अधिकारियों ने ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसके तहत अब शहरों और गांव के साथ कस्बों और ढाणियों में भी खिलाड़ियों की तलाश के लिए प्रोग्राम चलाए जाएंगे। वहीं, पूर्व खिलाड़ियों को 20 हजार रुपए तक पेंशन और खिलाड़ियों को 10 लाख रुपए तक का इंश्योरेंस कवरेज दिया जाएगा। नई खेल नीति के तहत प्रदेश में पहली बार स्पोर्ट्स पेंशन प्रोग्राम की प्लानिंग की जा रही है। इसके तहत एथलीट, पैरा एथलीट और कोच को हर महीने 20 हजार रुपए पेंशन



के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। यह पेंशन ओलिंपिक गेम्स, पैरा ओलिंपिक गेम्स, एशियन गेम्स, पैरा एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, पैरा कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जितने वाले खिलाड़ियों को दी जाएगी। इसके साथ ही अर्जुन और द्रोणाचार्य अवॉर्ड प्राप्त करने वाले कोच को इसमें शामिल किया गया है।

वहीं, नई नीति के तहत खिलाड़ियों को मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा भी दी जाएगी। इसके तहत इंटरनेशनल लेवल के खिलाड़ियों को 10 लाख और नेशनल लेवल के खिलाड़ियों को 5 लाख का इंश्योरेंस कवरेज दिया जाएगा।

**कम्युनिटी लेवल इंगेजमेंट कार्यक्रम चलाए जाएंगे :** नई खेल नीति के ड्राफ्ट में फिट राजस्थान को लेकर भी प्लानिंग की गई है। इसके तहत कम्युनिटी लेवल इंगेजमेंट प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इसमें रूरल कम्युनिटी इंगेजमेंट, अर्बन कम्युनिटी इंगेजमेंट, स्कूल और कॉलेज लेवल पर इंगेजमेंट » शेष पृष्ठ 6 पर